पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर, बच्ची घायल

गलत दिशा से आ रही पिकअप ने बाइक में पीछे से मार दी थी टक्कर, पुलिस ने पकड़ा

संसू, जागरण ● किरावली: थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरुवार को दक्षिण बाइपास महुअर कट पर एक पिकअप वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक सवार भूरा की पोती रिया घायल हो गई।

घटना गुरुवार शाम करीब 7:30 बजे हुई। जानकारी के अनुसार, फरह निवासी भूरा अपनी बाइक से जा रहे थे। तभी पीछे से आ रही पिकअप के चालक सोनू कुशवाह ने गलत साइड से मोड़ते हुए बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर से भूरा की पोती रिया के चेहरे पर चोट आई है। उसे तुरंत किरावली अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने पिकअप चालक सोनू कुशवाह को पकड़ लिया है।

सुदामा की कुटिया से द्वारिका के श्रीकृष्ण राजमहल तक गूंजी सच्ची मित्रता की पुकार

दसवें दिन श्रीकृष्ण-सुदामा मिलन लीला ने दिया भक्ति, प्रेम और आत्मीयता का संदेश

जासं, आगरा: सच्ची मित्रता भावपूर्ण और स्वार्थ रहित होती है। प्रभु के समक्ष भाव ही प्रधान होना चाहिए, वस्तु के मूल्य का यहां कोई मोल नहीं। श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता हमें यही संदेश देती है। तभी तो सुदामा द्वारा लाए गए साधारण चावलों को भी श्रीकृष्ण ने प्रेमवश अमूल्य मान लिया और बिना मांगे ही सुदामा की दरिद्रता दूर कर उन्हें समृद्धि प्रदान कर दी। यह संवाद गुरुवार को फिरोजाबाद रोड स्थित नवीन गल्ला मंडी में श्री श्यामा श्याम भागवत आयोजन समिति द्वारा आयोजित श्रीकृष्ण लीला रासोत्सव के दसवें दिन गूंजे। कलाकारों ने श्रीकृष्ण-सुदामा की सच्ची मित्रता, विनम्रता और निष्कपट प्रेम के प्रसंग का भावपूर्ण मंचन कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया।

शुभारंभ ठाकुरजी व स्वरूपों की विधिवत आरती संग हुआ। लीला में गुरुकुल समय से चली आ रही श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता का मंचन किया गया। निर्धन ब्राह्मण सुदामा अपने मित्र श्रीकृष्ण के प्रति प्रेम और आत्मीयता से भरे रहते हैं। पत्नी के आग्रह पर मुट्ठी भर चावल लेकर द्वारिका आते हैं, लेकिन संकोचवश उसे देने में झिझकते हैं। लीला के भावुक दृश्य में जैसे ही श्रीकृष्ण अपने बालसखा सुदामा को द्वार पर देखते हैं, राजवैभव त्यागकर नंगे पांव दौड़कर उन्हें गले लगा लेते हैं। श्रीकृष्ण द्वारा सुदामा के चरण पखारने और प्रेमपूर्वक चावल ग्रहण करने के दृश्य ने श्रद्धालुओं ने नेत्रों को सजल कर दिया और पंडाल कृष्ण सुदामा की जय के जयघोष गूंज उठे।

नवीन गल्ला मंडी परिसर में श्रीकृष्ण लीला रासोत्सव में गुरुवार को सुदामा चरित्र लीला का मंचन करते स्वरूप ● जागरण

कलाकारों के सजीव अभिनय, भावपूर्ण संवाद, मधुर भजनों और सुसज्जित मंच व्यवस्था ने द्वारिका के राजभवन और सुदामा की कुटिया दोनों की झलक को साकार किया। स्वामी लक्ष्मण और स्वामी प्रदीप कृष्ण ठाकुर ने आशीर्वचन में कहा कि यह प्रसंग जीवन में मित्रता, विनम्रता और प्रेम के महत्व को स्पष्ट करता है कि जहां निष्कपट भाव होता है, वहां स्वयं भगवान कृपा करते हैं। अध्यक्ष हरी चंद्र अग्रवाल ने बताया कि शुक्रवार को नरसी का भात लीला का मंचन किया जाएगा। दिनेश चंद्र गोयल, मंच व्यवस्थापक अनीश अग्रवाल, राजीव गुप्ता, देवेश शाह, ओम प्रकाश अग्रवाल, महावीर मंगल, शैलेंद्र अग्रवाल, नरेश चंद्र, जय प्रकाश अग्रवाल मौजूद रहे।

आइसीएआइ की आगरा शाखा के अध्यक्ष बने सौरभ

द इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स आफ इंडिया की आगरा शाखा की वर्ष 2026- 27 की नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारी ● जागरण

जासं, आगरा: द इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स आफ इंडिया की आगरा शाखा की नई प्रबंधकीय समिति का चुनाव गुरुवार को संजय प्लेस स्थित कार्यालय में हुआ। चुनाव में सीए सौरभ नारायण सक्सेना को अध्यक्ष चुना गया। वहीं सीए आयुष गोयल उपाध्यक्ष, सीए सचिन बुबना सचिव, सीए अंकित मित्तल कोषाध्यक्ष और सिकासा के अध्यक्ष चुने गए। समिति में पूर्व अध्यक्ष के रूप में सीए गौरव सिंघल और कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सीए करण पंजवानी, सीए साक्षी विवेक जैन को शामिल किया गया है।

गृहक्लेश के चलते महिला ने खाया विषाक्त

संसू, जागरण ● फतेहाबाद: गढ़ी दरियाव निवासी पिंकी देवी पत्नी छोटानाथ ने बुधवार की रात गृहक्लेश के चलते विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। स्वजन सीएचसी पर लेकर पहुंचे, जहां हालत गंभीर होने पर पिंकी को रेफर कर दिया। स्वजन ने एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जीवन-दर्शन

जो जीवन में सत्य, करुणा और सेवा को अपनाता है, उसके लिए मृत्यु भी शांति बन जाती है। और जो दूसरों को पीड़ा देकर जीता है, उसके लिए जीते-जी ही मृत्यु शुरू हो जाती है। इसलिए हर दिन ऐसे जियो मानो वह जीवन का उपहार हो और हर रात ऐसे सोओ मानो आत्मा ने आज अपना कर्तव्य निभा लिया हो।

महंत अनंत उपाध्याय
सीताराम मंदिर वजीरपुरा

सामूहिक विवाह समारोह में बेटियों को मिला उपहार

जासं, आगरा: फुलैरा दौज के अवसर पर शुक्रवार को शहर में विभिन्न संस्थाओं द्वारा अलग-अलग स्थानों पर सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इसमें गरीब व जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के हाथ पीले कर उन्हें खुशहाल गृहस्थ जीवन का आशीर्वाद देकर विदा किया गया।

भारत विकास परिषद संस्कार शाखा ने बल्केश्वर स्थित महालक्ष्मी मंदिर में 24वें सामूहिक विवाह का आयोजन किया, जिसमें छह कन्याओं का विवाह वैदिक रीति-रिवाज और मंत्र उच्चारण के साथ संपन्न कराया गया। बारात सीताराम कालोनी से ढोल नगाड़े और बैंडबाजे के साथ महालक्ष्मी मंदिर पहुंची। शुभारंभ गुरु श्री गोरखनाथ अलख अखाड़ा महामंडलेश्वर अरुणादास और मुख्य अतिथि भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, केके चौहान ने किया। नवविवाहित जोड़ों ने मंडप में सात फेरे लेकर जन्म-जन्म तक साथ निभाने का वचन दिया। शाखा के मुख्य संरक्षक केशव दत्त गुप्ता ने अब तक कराए गए कन्या विवाहों की जानकारी साझा की। स्वागत अध्यक्ष मनोज अग्रवाल पोली भाई, उपहार व्यवस्था कोषाध्यक्ष जितेन्द्र बंसल, प्रदीप मित्तल, ऋषि अग्रवाल ने व्यवस्थाएं संभाली। विदाई के समय श्री रामलीला कमेटी के महामंत्री राजीव अग्रवाल और मुरारी प्रसाद अग्रवाल मौजूद रहे।

राठौर नगर स्थित श्री सालिग्राम इंटर कालेज में आयोजित राठौर जन जागरण समिति के सामूहिक विवाह समारोह में विवाह बंधन में बंधे नवविवाहित जोड़े ● सौ. संस्था

राठौर जन जागरण समिति ने फतेहाबाद रोड, राठौर नगर स्थित श्री सालिग्राम इंटर कालेज में सामूहिक विवाह का आयोजन किया। इसमें 15 जोड़ों का विवाह रीति-रिवाज से कराया गया। सभी नवविवाहित जोड़ों को बेड, टीवी, फ्रिज, बर्तन और ज्वेलरी आदि उपहार स्वरूप प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि लक्ष्मी देवी राठौर, कामिनी राठौर, डा. संपूर्णानंद गुप्ता, अशोक कुमार राठौर, देवी आरती किशोरी मौजूद रहे। समिति अध्यक्ष चंदन सिंह राठौर, कोषाध्यक्ष प्रमोद राठौर, संयोजक बबलू राठौर, महासचिव सिद्धार्थ सिंह राठौर, सचिव रामकेश राठौर, मीडिया प्रभारी विनोद राठौर ने व्यवस्थाएं संभाली।

वहीं आगरा जागरण कलाकार समिति ने ईदगाह पोस्ट आफिस के सामने स्थित सत्संग भवन में पांच कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया। समिति ने सभी नवविवाहितों को घर गृहस्थी का पूर्ण सामान प्रदान किया।

मुख्य अतिथि पूर्व विधायक महेश गोयल, जयेश गुप्ता, कथाव्यास पं. गरिमा किशोरी, श्याम भोजवानी, राकेश लोधी, अनिल गुर्जर, संजीव सिकरवार थे। बलवीर सिंह, देवेंद्र शास्त्री, कुंज बिहारी अग्रवाल, पवन अग्रवाल, राजू टाइगर, डा. सतेंद्र नायक, कमल कांत, संदीप अग्रवाल, मनोज, शिवनंदन, राम शंकर पाठक मौजूद रहे।

गणित-विज्ञान के शिक्षक न होने से छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित

संसू, जागरण ● फतेहाबाद: क्षेत्र स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में गणित और विज्ञान विषय के शिक्षक न होने से छात्राओं की पढ़ाई बाधित हो रही है। महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षकों के अभाव में छात्राओं को शैक्षणिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय में विज्ञान विषय की शिक्षिका रेखा कुमारी का जुलाई माह में स्थानांतरण हो जाने के बाद से यह पद रिक्त चल रहा है। वहीं गणित विषय की शिक्षिका स्वतंत्रता विद्यालय में तैनात हैं, जो जुलाई तक दो-चार दिन ही विद्यालय में उपस्थित हुईं।

उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण
36 आई0टी0 पार्क, देहरादून-248013
दूरभाष संख्या: 0135-2664317 वेबसाइट: usdma.uk.gov.in

विज्ञप्ति संख्या -2207/USDMA-1211-(2023) दिनांक 17 फरवरी, 2026

संविदा पर भर्ती हेतु विज्ञप्ति

आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग, उत्तराखण्ड शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या: 1615/XVII-B-1/2021-3(2)/2016, दिनांक 30 नवम्बर 2021 द्वारा उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, देहरादून के अन्तर्गत सृजित निम्नलिखित रिक्त पदों को सीधी भर्ती से चयन होने तक संविदा के आधार पर भरे जाने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं:-

क्र. सं.	पदनाम	नियत वेतनमान	पदों की संख्या	संविदा के लिए अभ्यर्थियों की अर्हताएं
1	प्रभारी राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र	रू. 40000/ प्रतिमाह नियत वेतन	03	1- **Qualification:** Bachelor in STEM (Science, Technology, Engineering, Management) with Master/PG in Disaster Risk Management (DRM) or Security Studies or Emergency Management or any other Field related to DRM. **Experience-** Atleast 01 year experience in the above mentioned fields. Desirable-experience in computer application.

1- इच्छुक अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे अपना आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरकर वांछित अभिलेखों के साथ **अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी-प्रशासन, उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, 36 आई0टी0 पार्क देहरादून-248013** उत्तराखण्ड को **दिनांक 16.03.2026** तक केवल पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से उपलब्ध/प्रेषित करायेंगे। अन्य माध्यमों से प्राप्त एवं निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा तथा डाक के विलम्ब के लिए प्राधिकरण उत्तरदायी नहीं होगा।

महावीर सिंह चौहान
अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी-प्रशासन

स्मृतियाँ... मेरे अपनों की

उठावनी/सुनावनी

स्व. श्री महेश चन्द्र गुप्ता

हमारे पूज्य पिताजी **श्री महेश चन्द्र गुप्ता** का स्वर्गवास दि. 18.02.2026 को हो गया है, उनकी उठावनी आज दि. 20.02.2026 को सांय 4 से 5 बजे विजय क्लब, विजय नगर कॉलोनी आगरा पर होगी।

शोकाकुल
(पुत्र वधु) आशा गुप्ता (पुत्र-पुत्र वधु) मनीष गुप्ता - नीलम गुप्ता (पुत्री) रेखा गुप्ता, (पुत्री - दामाद) मंजू गुप्ता - डॉ अशोक गुप्ता, सुनीता कौशल, अंजू गुप्ता - संजीव गुप्ता, रीता गुप्ता - डॉ नंदकिशोर गुप्ता, तृप्ति गुप्ता - मनीष चन्द्र गुप्ता (पौत्र) विपुल, प्रतुल (पौत्री) मान्या गुप्ता, स्नेहा गुप्ता

प्रतिष्ठान: श्री राम कैमिस्ट (विजय नगर कॉलोनी) श्री राम डिपार्टमेंटल स्टोर खंदारी मो. 9411046098

ससुराल पक्ष - समस्त पिपरिया परिवार

उठावनी

स्व. श्रीमती कुसुम लता शर्मा

अत्यन्त दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम लता शर्मा का आकस्मिक निधन 18.2.2026 को हो गया है। जिनकी उठावनी महिला व पुरुषों की दि. 20.2.2026 दिन शुक्रवार को सांय 4 से 5 बजे तक हमारे निवास 455 पश्चिम पुरी, शिव पैलेस के सामने, शास्त्रीपुरम आगरा के सामने स्थित पार्क पर होगी।

शोकाकुल परिवार

दिनेश कुमार शर्मा जिला जज (सेवा निवृत्त) (पति), प्रतीक एवं धीरज (पुत्र), दिव्या शर्मा (पुत्री) एवं समस्त शर्मा परिवार । 455, पश्चिमपुरी, शिवपैलेस के सामने वाले रोड पर, आगरा- 282007

सुधरी उपनिबंधक कार्यालय की व्यवस्था, समय से हुईं रजिस्ट्रियां

संसू, जागरण ● एत्मादपुर: बैनामा (रजिस्ट्री) कराने को लेकर दो फरवरी से जारी नए नियमों के चलते उपनिबंधक कार्यालय में हर रोज जमकर हंगामा हो रहा है। आए दिन रजिस्ट्री कराने वाले पहले कराने के चक्कर में आपस में ही भिड़ते रहते थे। आइजी स्टांप के आदेश के बाद आवेदन पर मिले समयानुसार रजिस्ट्रियां हुईं।

बताते चलें कि जमीन की रजिस्ट्री में धोखाधड़ी रोकने के लिए सरकार ने क्रेता-विक्रेता व गवाहों का आधार सत्यापन और पेन कार्ड अनिवार्य कर दिया है। नए नियम का मकसद जमीन बिक्री में फर्जीबाड़े पर लगाम लगाना है। आधार बायोमेट्रिक सत्यापन से रजिस्ट्रियों में हो रही देरी के चलते उपनिबंधक कार्यालय में भीड़ हो रही थी।

शासन की नई प्रणाली के लागू होने से रजिस्ट्री में काफी समय लग रहा है तथा आधार कार्ड बायोमेट्रिक का सर्वर काफी धीमी गति से चल रहा है। उपनिबंधक दर्शन जैन ने बताया कि पहले अपना नंबर पहले लाने के चक्कर में लोग विवाद करने लग जाते हैं, जिससे कर्मचारियों को कार्य करने में परेशानी होती थी। गुरुवार को 84 रजिस्ट्री हुईं।

जगनेर में सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मृत्यु

संसू, जागरण ● जगनेर: थाना क्षेत्र के मेवली बांध के समीप बुधवार शाम हुए सड़क हादसे में घायल युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

थाना बसई जगनेर क्षेत्र के दान सहाय का पुरा निवासी 38 वर्षीय नरेश पुत्र घूरेलाल बुधवार की शाम अपनी ससुराल उस्मानपुर, खंदौली से लौट रहे थे। तभी मेवली बांध के पास जगनेर की ओर से आ रही कार से उनकी आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सीएचसी पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए आगरा रेफर कर दिया। आगरा के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। मृतक चार भाइयों में सबसे छोटे थे और मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। मेवली के ग्रामीणों ने सड़क सुरक्षा को लेकर रोष जताया है। मेवली निवासी रामू परमार, पुष्पेंद्र परमार मास्टर, रवि परिहार जिला गौ रक्षा प्रमुख, केशव परमार, हितेंद्र प्रधान, जगजीत परमार, गब्बर परमार मेवला, अनार सिंह परमार पूर्व प्रधान, धर्मेंद्र परमार सरपंच आदि ने बताया कि मेवली से नौनी की प्याऊ तक छह किलोमीटर के दायरे में आए दिन हादसे हो रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क किनारे झाड़ियों की समय पर कटाई नहीं होती, जिसके चलते अंधेरा अधिक रहता है। नौनी की प्याऊ, कासिमपुर मोड़, दहगवां मोड़ और मेवली मोड़ पर रिफ्लेक्टर व चेतावनी संकेतक का अभाव है। उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग से शीघ्र संज्ञान लेकर आवश्यक सुरक्षा उपाय करने की मांग की है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दूसरा घायल

संसू, जागरण ● फतेहपुर सीकरी: कस्बा में गुलिस्ता टूरिस्ट कांप्लेक्स के समीप बुधवार देर रात्रि अज्ञात वाहन ने दो बाइक सवार को टक्कर मार दी। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद आगरा रेफर कर दिया। एक युवक की रास्ते में ही मृत्यु हो गई। कस्बा के ऊपर पहाड़ निवासी झब्बू के 26 वर्षीय पुत्र समीर 17 वर्षीय समर पुत्र शरीफ के साथ बाइक से आगरा की ओर से बुधवार देर रात्रि घर वापस आ रहे थे। गुलिस्ता टूरिस्ट कांप्लेक्स के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे स्वजन एवं अन्य लोगों ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद एसएन अस्पताल रेफर कर दिया गया। रास्ते में समीर की मृत्यु हो गई। पुलिस ने घटनास्थल सीसीटीवी कैमरे देखकर वाहन एवं वाहन चालक की तलाश की। चौक इंचार्ज प्रमोद यादव के अनुसार पारिवार के लोगों ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया।

समीर ● फाइल फोटो

दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि., अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल-द्वितीय, मथुरा
ई-निविदा सूचना

1. 30/EDC-II(M)/2025-26:- वि.वि.ख.-लक्ष्मीनगर, मथुरा के अन्तर्गत वि.वि.उपख.-लक्ष्मीनगर, मथुरा के अधीन 33/11, के.वी. उपकेन्द्र गोकुल एवं रावल के क्षेत्राधीन समय-समय पर जमा योजना के अन्तर्गत प्राप्त होने वाले विभिन्न आवेदनों के सापेक्ष विद्युतीकरण/लाइन शिफ्टिंग इत्यादि का कार्य। 2. 31/EDC-II (M)/2025-26:- वि.वि.ख.-लक्ष्मीनगर, मथुरा के अन्तर्गत वि.वि.उ-पख.-लक्ष्मीनगर, मथुरा के अधीन 33/11 के.वी. उपकेन्द्र लक्ष्मीनगर क्षेत्राधीन समय-समय पर जमा योजना के अन्तर्गत प्राप्त होने वाले विभिन्न आवेदनों के सापेक्ष विद्युतीकरण/लाइन शिफ्टिंग इत्यादि का कार्य। **ई-निविदा की अन्तिम तिथि:-** 17.03.2026, 12.00 बजे। विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''

पत्रांक: 356/वि.वि.म.द्वि.(म.)/निविदा दिनांक: 17.02.2026

KANPUR NAGAR NIGAM
Motijheel, Kanpur
Phone-2551416, 2531215, Fax- 2531662
E-mail: Kanpur_nagar.nigam@yahoo.co.in
Website : kmc.up.nic.in

TENDER NOTICE
REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)

E-Tender for selection of agency for "Door-to-Door Collection, Transfer and Secondary Transportation of Municipal Solid Waste, Operation & Maintenance of existing PCTS, Road/Street Sweeping and transportation of sweeping Waste, Drain cleaning & transportation of silt, Collection & Transportation of Horticulture Waste and Collection & Storage of Domestic Hazardous Waste, in Cluster 3 (Zone 4 & 6) to designated processing facility/disposal site/collection centers." for ten years."

Tender Notice No : D/198/WSA/SBM/2025-26 dated : 19/02/2026

Kanpur Nagar Nigam invites E-Tenders for **"Request for Rate Contract Proposals"** from the reputed companies/firms/NGOs having the required qualifications mentioned in the bid document for **"Selection of agency for "Door-to-Door Collection, Transfer and Secondary Transportation of Municipal Solid Waste, Operation & Maintenance of existing PCTS, Road/Street Sweeping and transportation of sweeping Waste, Drain cleaning & transportation of silt, Collection & Transportation of Horticulture Waste and Collection & Storage of Domestic Hazardous Waste, in Cluster 3 (Zone 4 & 6) to designated processing facility/disposal site/collection centers." for ten years."** The Bid Document may be downloaded from KMC E-tendering website: "http://etender.up.nic.in" in tender notifications before 20.02.2026 upto 12:30 p.m.

S. No.	Name of Work	Tender Fee (Rs.)	Earnest Money (Rs.)	Time Period
1	Door-to-Door Collection, Transfer and Secondary Transportation of Municipal Solid Waste, Operation & Maintenance of existing PCTS, Road / Street Sweeping and transportation of sweeping Waste, Drain cleaning & transportation of silt, Collection & Transportation of Horticulture Waste and Collection & Storage of Domestic Hazardous Waste, in Cluster 3 (Zone-4 & 6) to designated processing facility/disposal site/collection centres.	1,26,000 + 18% GST = 1,48,680 (One Lac Forty Eight Thousand Six Hundred Eighty Rupees only)	Rs. 1,26,00,000 (One Crore Twenty Six Lac Only)	10 years extendable up to 2 years

Event Calender

S.No.	Event	Date & Time
1	Online Tender purchase start date	20.02.2026 12:30 Hrs
2	Online Bid Submission end date	19.03.2026 15:00 Hrs
3	Submission of Pre-Bid queries	09.03.2026 till 12:30 Hrs
4	Pre-Bid Meeting	09.03.2026 13:30 Hrs City Health Office, Moti Jheel Kanpur Nagar Nigam
5	Hard copy of technical submission end date	09.03.2026 15:00 Hrs
6	Technical Presentation	After technical verification of all relevant documents, the technically qualified bidders shall be intimated of the date and time through the portal and / or email.
7	Technical Proposal open date	09.03.2026 17:00 Hrs

Kanpur Nagar Nigam reserves the right, without any obligation or liability to accept or reject any or all the proposals at any stage of the process, to cancel or modify the process or any part thereof or to vary any of the terms and conditions at any time, without assigning any reason whatsoever. Any Changes/ Modifications will be posted on http://etender.up.nic.in and hence bidders are supposed to see the website till last day of bid submission.

DR. AMIT SINGH GAUR
City Health Officer

JAGDISH YADAV
Additional Municipal Commissioner

द्वितीय पुण्यतिथि

माही राठौर
(10 जुलाई 2008–20 फरवरी 2024)

जिस तरह अपनों का जाना सताता है
हर पल याद आने का सिलसिला रुलाता है
क्यों चले गये आप हमे छोड़ कर यही गम सताता है
जब तक आप साथ थे हमारे जीवन में खुशियों की बहार थी
लगता था संसार की हर चीज हमारे पास थी।
सम्मुख नही आप हमारे सामने, हृदय में आपका वास है।
मुस्कुराता हुआ चेहरा आपका, हमारी खुशियों की आस है।
हम सभी परिवारीजन अश्रुपूरित नेत्रों से आपकी स्मृति को हृदय में संजोकर आपको शत्-शत् नमन करते हैं।

: श्रद्धानवत :
सुदामा–स्वं राम सिंह (दादा–दादी)
मीनू–विजय राठौर (भाजपा वरिष्ठ नेता)
(माता–पिता)
शोभा–अजय प्रताप सिंह (चाचा–चाची)
महान, उज्जवल, उत्कर्ष,
विराट राठौर (भाई)
एवं समस्त राठौर परिवार।

:प्रतिष्ठान:
★ जैनसन पैकेजिम सोल्यूसन, आगरा
★ जैनसन एण्ड कम्पनी, आगरा

–: ननिहाल पक्ष :–
शकुन्तला–स्व0 धनपाल सिंह पुण्ढीर (नानी)

यादें वह रोशनी है, जो कभी बुझती नहीं...
For Booking Please Contact: 8429020872, 9837011449

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda | शाखा: राधा रमन रोड, मैनपुरी मो- 8477003977 | **ई-नीलामी सूचना**

[परिशिष्ट IV-A (नियम 8(6) एवं 6(2) के लिए प्रावधान]
अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 6(2) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो **बैंक ऑफ बड़ौदा** के पास गिरवी/प्रभारित है, का सांकेतिक/भौतिक कब्जा **बैंक ऑफ बड़ौदा** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **''जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है''** के आधार पर विक्रय की जाएगी। सम्पत्ति का विवरण नीचे दिया गया है।

क्र. सं.	ऋणी/गारंटर के नाम व पते	मांग सूचना दिनांक / बकाया राशि (रु)	सम्पत्तियों का विवरण	कब्जे का प्रकार	आरक्षित मूल्य (रु) / ईएमडी (रु) / बोली वृद्धि राशि (रु)
1.	ऋणी- 1. श्रीमती मिथलेश पत्नी दिनेश कुमार, 2. श्री भानु प्रताप पुत्र दिनेश कुमार (स्व. दिनेश कुमार के कानूनी उत्तराधिकारी), 3. श्री श्याम प्रताप पुत्र दिनेश कुमार (स्व. दिनेश कुमार के कानूनी उत्तराधिकारी) सभी का पता- संपत्ति संख्या 635 व 636 मोहल्ला रसूलाबाद भोगांव, पडुआ रोड जिला मैनपुरी, गारंटर- श्री राकेश कुमार पुत्र वीरेंद्र सिंह, पता- मोहल्ला तपा की नगरिया, वार्ड नंबर 6, करहल, मैनपुरी	07.08.2025 11,52,043.83 + ब्याज व अन्य खर्चे	संपत्ति संख्या 635 एवं 636 के सभी भाग एवं खण्ड, मोहल्ला रसूलाबाद भोगांव, पडुआ रोड जिला मैनपुरी, प्लॉट एरिया: 208.55 वर्ग मीटर, संपत्ति मिथलेश कुमारी पत्नी दिनेश कुमार के नाम, चौहद्दी: पूर्व- ताहर सिंह का खुला प्लॉट, पश्चिम- गोपाल सिंह का खुला प्लॉट, उत्तर- रोड 10 फीट चौड़ी, दक्षिण- सरनाम सिंह का खुला प्लॉट संपत्ति निरीक्षण दिनांक एवं समय 20.03.2026 दोपहर 02.00 से सायं 04.00 बजे तक	सांकेतिक	39,70,000/- / 3,97,000/- / 10,000/-

ई-नीलामी दिनांक : 23.03.2026, समय : दोपहर 2:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक

इच्छुक बोलीदाता ईएमडी राशि पोर्टल https://www.baanknet.com के माध्यम से केवल एनईएफटी/यूपीआई/क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड के द्वारा ऑनलाइन जमा कर सकते हैं।

बैंक की जानकारी के अनुसार सम्पत्तियों पर भार का विवरण - ज्ञात नहीं है।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट लिंक https://www.bankofbaroda.in/e&auction.htm देखें/जाएं एवं https://www.baanknet.com साथ ही, संभावित बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी के मोबाइल 8477003977 पर संपर्क कर सकते हैं।

सांकेतिक कब्जे वाली संपत्ति के लिए बैंक नीलामी क्रेता को सांकेतिक रूप से ही संपत्ति का कब्जा सौंप देगा।

सरफेसी अधिनियम 2002 के तहत वैधानिक 30 दिनों की बिक्री सूचना

इस बिक्री नोटिस को उपरोक्त उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(रों)/बंधककर्ता(रों) के लिए प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6)/नियम 9(1) के तहत 30 दिनों के नोटिस के रूप में भी माना जाएगा।

नियमों और शर्तों के विस्तृत विवरण के लिए **यहाँ स्कैन करें**

स्थान: आगरा दिनांक : 20-02-2026 प्राधिकृत अधिकारी